**राज्यपाल सचिवालय**

**राजभवन, जयपुर**

**राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से राज्यपाल की शिष्टाचार भेंट**

जयपुर, 18 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने शुक्रवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। राष्ट्रपति से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी। मुलाकात के दौरान उन्होंने राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू को संवैधानिक जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से राजभवन में बन रहे संविधान पार्क के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उप राष्ट्रपति श्री धनखड़ से शिष्टाचार भेंट

इससे पहले, राज्यपाल श्री मिश्र ने उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ से नई दिल्ली में शिष्टाचार मुलाकात की।

-------